मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/11/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-298/2024
28 नवंबर 2024
मोरहाबादी मैदान, रांची
===========

◆ श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ, माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने पद एवं गोपनीयता की दिलाई शपथ
====================

◆ राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ भव्य आयोजन, कई विशिष्ट अतिथिगण हुए शामिल
===================

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में श्री हेमन्त सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। माननीय राज्यपाल और अन्य अतिथि गणों ने श्री हेमन्त सोरेन को मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने हाथ हिलाकर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिबू सोरेन, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा श्री राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री श्री डी के शिवकुमार, तेलांगना के उप मुख्यमंत्री श्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश प्रसाद यादव, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल, बिहार विधान सभा मे नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव, सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव श्री दीपांकर भट्टाचार्य, तमिलनाडु

सरकार में मंत्री श्री उदयनिधि स्टालिन समेत कई सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।

###

============

#Team PRD CMO